हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा




तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

कक



## खबर संक्षेप

### राउत नाचा महोत्सव एवं मड़ई मेला का आयोजन 9 से

**कोरबा।** कटघोरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुढ़ाली में यादव समाज की गौरवशाली परंपरा, लोकसंस्कृति एवं भाईचारे को समर्पित राउत नाचा महोत्सव एवं मड़ई मेला प्रतियोगिता–2026 का भव्य आयोजन 9 जनवरी को हाईस्कूल मैदान ग्राम मुढ़ाली में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 4 बजे से होगा। आयोजन समिति ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी यह सांस्कृतिक महोत्सव भव्यता एवं उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,समाज सेवी एवं अधिक संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नत्थु लाल यादव, जिलाध्यक्ष सर्व यादव समाज जिला कोरबा द्वारा की जाएगी।

### आज कलेक्टर से मुलाकात करेंगे हरदीबाजार के भूविस्थापित

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार ग्रामवासियों की एसईसीएल दीपका प्रबंधन के खिलाफ पुराना कालेज मैदान, दीपका कोयला खदान के मुहाने पर विगत दो माह से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। इससे पूर्व ग्राम समिति, पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामवासियों के द्वारा हरदीबाजार में पैदल मार्च कर जनजागरण रैली निकाली गई थी। जिसका व्यापक असर देखने को मिला कि ग्रामवासियों में मकान नापी सर्वे में कमी आई। वहीं रविवार को ग्रामपंचायत भवन में बैठक आयोजित कर ग्राम समिति पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामवासियों ने 9 बिन्दुओं पर मांग तैयार कर सोमवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात कर उनसे मिलकर एसईसीएल दीपका प्रबंधन की जबरदस्ती मनमानीपूर्ण रवैया सहित अपनी मांगों को लेकर चर्चा करने एकराय होकर सहमति जताई गई है। इस दौरान ग्राम समिति, पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### धीवर समाज सम्मेलन में प्रतिभावान छात्र होंगे सम्मानित

**कोरबा।** धीवर समाज ट्रस्ट कोरबा के द्वारा 5 जनवरी को द्वितीय नववर्ष एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन जूनियर रिक्रिएशन क्लब मानिकपुर में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य तथा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत के विशिष्ट अतिथ्य में संपन्न होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश धीवर द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य कोरबा शहरी क्षेत्र में निवासरत धीवर समाज स्वजातीय बंधुओं को संगठित करना एवं आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। समारोह में अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में धीवर समाज महासभा बिलासपुर संभाग के अध्यक्ष देवव्रत भीष्म, एवं महासभा के अन्य धारणीय गण भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में समाज के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशालीवान छात्र छात्राओं एवं स्वजातीय बंधुओं का सम्मान किया जाएगा।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय सिंघिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस ग्राम पंचायत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला अचानकपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य विषय नशा मुक्त समाज के लिए युवा रखा गया है। साइबर अपराध की रोकथाम, नशा मुक्तसमाज के लिए युवा, स्वच्छता अभियान में युवाओ का योगदान। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल प्रभात फेरी से किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा नशा उन्मूलन संबंधी नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसके पश्चात स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

# बरपाली आयुर्वेद डिस्पेंशरी को मिला राष्ट्रीय स्तर का एनबीएच प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एलोपैथिक की तर्ज पर आयुष विंग के डिस्पेंशरियों को भी राष्ट्रीय स्तर के प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। विभाग की बरपाली डिस्पेंशरी पहली ऐसी डिस्पेंशरी है जिसको राष्ट्रीय स्तर का एनबीएस प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। विभाग के द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र केंद्रीय आयुष मंत्रालय के द्वारा जारी किया जा रहा है।

जिले में 10 बिस्तर वाला आयुर्वेद अस्पताल पॉली क्लीनिक के रुप में डिंगापुर में शुरु होने के बाद अब आयुष विभाग के द्वारा आयुर्वेद डिस्पेंशरियों को भी अपग्रेड करने का काम शुरु कर दिया गया है। बीते 2 वर्ष से आयुष विभाग के द्वारा शहर और ग्रामीण अंचलों में चलने वाली डिस्पेंशरियों के लिए भवन, आवश्यक उपकरण दवाईयां एवं अन्य जरुरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उक्त सुविधाएं वाली डिस्पेंशरी को ही आयुष मंत्रालय के द्वारा दिया जाने वाला नेशनल एक्रेडेशन बोर्ड ऑफ हॉस्पीटल (एनबीएच) प्रमाण पत्र जिले की बरपाली डिस्पेंशरी को दिया गया है। जिले की यह पहली डिस्पेंशरी है जिसे राष्ट्रीय ⏭ शेष पेज 3 पर

### 10 डिस्पेंशरी का भी प्रस्ताव आयुष विभाग के द्वारा भेजा गया है

**खास बात**

- भवन के साथ आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं आयुर्वेद डिस्पेंशरियों में




**किया जा रहा अपग्रेड**

आयुष मंत्रालय के मापदण्डों के तहत जिले में आयुर्वेद डिस्पेंशरियों को अपग्रेड किया जा रहा है। बरपाली आयुर्वेद डिस्पेंशरी पहली ऐसी डिस्पेंशरी है जिसे राष्ट्रीय स्तर का मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

-उदय शर्मा
जिला आयुर्वेद अधिकारी

### दवाईयों के लिए बना काउंटर

आयुर्वेद डिस्पेंशरियों को अब एलोपैथिक हॉस्पीटल की तरह ही तैयार किया जा रहा है। जहां दवाईयों के अलग काउंटर एवं पंचकर्म यूनिट भी तैयार की गई है। ऐसे डिस्पेंशरियों में 8 डिस्पेंशरियों का और चयन किया गया है जिन्हें भवन एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। आयुष विभाग के नए नियम के अंतर्गत कितने मरीज डिस्पेंशरी में उपचार में पहुंच रहे हैं उनका फोटो भी खींचने का प्रावधान जारी किया गया है।

## अब तक 8 लाख क्विंटल से अधिक धान की हुई खरीदी

# छोटी समितियों से नहीं उठ रहा है धान, डीओ काटने के बाद भी नहीं पहुंच रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी को डेढ़ माह पूरे होने जा रहे हैं। इस अवधि में 8 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। जिस तेजी से खरीदी हो रही है उस तेजी से धान का उठाव नहीं होने से जाम की समस्या खड़ी हो गई है और इस समस्या से वनांचल क्षेत्र के छोटे छोटे धान उपार्जन केंद्र जूझ रहे हैं जहां मिलर्स के वाहन डीओ लेने के बाद भी निर्धारित समय में भी नहीं पहुंच रहे हैं।

**खास बात**

- वनांचल की समितियों में धान हो रहा जाम


बरपाली (कोरबा) समिति में धान जाम।

जिले के 65 धान उपार्जन केंद्रों में अब तक 8 हजार 78 हजार 916 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है और इनके उठाव के लिए राइस मिलर्स को विपणन विभाग के द्वारा डीओ काटा जा रहा है किंतु राइस मिलर्स के वाहन बड़ी समितियों से धान उठाव में ज्यादा रुचि ले रही है। जो जिला मुख्यालय से दूरी कम है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की समितियों से धान का उठाव नहीं होने के कारण वहां खरीदे गए धान को अब रखने की जगह नहीं हो रही है। इस समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत भी कराया जा चुका है। विपणन विभाग के द्वारा डीओ काटे जाने के बाद राइस मिलर्स के द्वारा उठाव का काम शुरु कर देते हैं किंतु दूरस्थ क्षेत्रों के धान उपार्जन केंद्रों से उठाव के लिए प्राथमिकता नहीं दी जाती। जिसका खामियाजा समिति प्रबंधक भुगत रहे हैं। ऐसी दूरस्थ वनांचल समितियों में पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के कोरबी, सिरमिना, पसान इसी तरह पाली विकासखंड में लाफा जैसे दूरस्थ समितियों में भी धान जाम बताया गया है। वहीं कोरबा ब्लाक के जिल्गा बरपाली (कोरबा), श्यांग जैसी समितियों में तो धान की आवक बढ़ने से उठाव नहीं होने पर अब धान रखने की जगह भी नहीं है।

### समय बढ़ने का फायदा उठा रहे मिलर्स

राइस मिलर्स से अनुबंध के बाद उन्हें धान उठाव के लिए डीओ लेने के बाद 15 दिन का समय दिए जाने से राइस मिलर्स इस बढ़ी हुई अवधि का फायदा उठा रहे हैं। विपणन विभाग निश्चित अवधि पर धान का उठाव नहीं करने की स्थिति में राइस मिलर्स के ऊपर जुर्माना लगाने का भी प्रावधान दिया गया है किंतु अब तक ऐसे कोई मामले सामने नहीं आए हैं जिससे किसी राइस मिलर्स पर जुर्माना लगाया गया हो।

## अवैध धान भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई
### हरदीबाजार से 200 बोरी धान गया जब्त


कार्यवाही के दौरान जप्त किए गए धान की बोरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के सख्त निर्देशों के बाद जिले में अवैध धान भंडारण और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली रोहित कुमार सिंह के मार्गदर्शन में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम हरदी बाजार में छापेमारी कर अवैध रूप से भंडारित 200 बोरी धान जब्त किया। प्रशासन को सूचना मिली थी कि हरदीबाजार निवासी सनत कुमार राठौर द्वारा अपने गोदाम में बड़ी मात्रा में धान का अवैध भंडारण किया गया है। सूचना की पुष्टि के लिए तहसीलदार हरदीबाजार अभिजीत राजभानु एवं थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। जांच के दौरान गोदाम के भीतर 200 नाग कट्टी (बोरी) पुराना डलवा धान पाया गया। छापेमारी के दौरान जब गोदाम संचालक से धान की खरीदी-बिक्री एवं भंडारण से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया तो वह किसी भी ⏭ शेष पेज 3 पर

# सूने मकान में चोरों ने बोला धावा, लाखों का माल किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंडस्ट्रियल एरिया खरमोरा में एक सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। दरवाजा तोड़कर चोर भीतर दाखिल हुए और 60 हजार नकद रकम सहित सोने व चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं सीसीटीवी फुटेज में 4 से 5 संदिग्ध नकाबपोश मकान के आसपास घूमते नजर आए हैं।

**खास बात**

- 60 हजार नगद सहित सोने चांदी के जेवरात पर किया हाथ साफ


घटनास्थल जहां हुई चोरी।

सिविल लाईन थाना रामपुर क्षेत्र अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया खरमोरा में ओम सोनी अपने परिवार के साथ निवासरत है। ओम सोनी बसंल फ्लाई ऐश फैक्ट्री खरमोरा में रात्रि चौकीदारी का काम करता है। ओम सोनी ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराया है कि वह 25 दिसंबर की रात्रि 8 बजे घर में ताला बंद कर अपनी पत्नी के साथ बसंल फ्लाई ऐश फैक्ट्री खरमोरा में चौकीदारी करने चला गया था। 26 दिसंबर की सुबह लगभग 5 बजे ड्यूटी से वापस अपने घर आया तो देखा कि मेने गेट का ताला लगा हुआ, किंतु दरवाजे का कब्जा को तोड़कर चोर अंदर घुसकर घर के दीवान में रखे एक सोने का कान का टाप्स, एक चांदी का पायल सहित 60 हजार रुपए की चोरी कर ले गये हैं। पास के फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरा में देखने से संदिग्ध पांच लोग दिख रहे हैं ⏭ शेष पेज 3 पर

# अवैध ईंट निर्माण रेत परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई, 30 हजार नग ईंट जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार-दीपका एसईसीएल क्षेत्र की अधिग्रहण प्रक्रिया को सुरक्षित रखने तथा अवैध कब्जों और निर्माण कार्यों पर रोक लगाने प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है।

**खास बात**

- पाली एसडीएम के मार्गदर्शन में अवैध ईंट निर्माण पर लगातार की जा रही कार्यवाही


ईटभट्ठा का निरीक्षण करते तहसीलदार व पुलिस कर्मी।

धारा 9 (अधिग्रहण प्रक्रिया) के प्रकाशन के बाद प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के नए निर्माण एवं व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद हो रही अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए प्रशासनिक टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

इसी कड़ी क्रम में शनिवार को एसडीएम रोहित सिंह के निर्देश में हरदीबाजार तहसीलदार अभिजीत राजभानु एवं टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। टीम ने क्षेत्र में दबिश देकर अनीता राठौर के ईंट भट्ठे पर कार्रवाई करते हुए पाया कि बड़े पैमाने पर अवैध रूप से ईंटों का निर्माण किया जा रहा था। मौके से 30 हजार नग अवैध ईंटें जब्त कर आवश्यक कार्यवाही की गई। अधिकारियों ने बताया कि एसईसीएल दीपका क्षेत्र के लिए धारा 9 का प्रकाशन होने के बाद संबंधित भूमि पर किसी भी प्रकार का नया निर्माण, व्यावसायिक गतिविधि या संसाधनों का दोहन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कुछ व्यक्तियों द्वारा मुआवजे की आशंका या अवैध लाभ कमाने की नीयत से ईंट भट्टे संचालित किए जा रहे थे तथा नदी-नालों से अवैध रेत परिवहन कर निर्माण कार्यों में उपयोग किया जा रहा था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी एवं अधिग्रहित भूमि की सुरक्षा के लिए संयुक्त टीम निरंतर क्षेत्र में निगरानी और छापेमारी कर रही है। इससे पूर्व हरदीबाजार और सुआभोड़ी क्षेत्र में 18 ईंटभट्टों पर कार्रवाई कर 9 लाख ईंटें जब्त की जा चुकी हैं। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि अवैध रेत और ईंट परिवहन में प्रयुक्त वाहनों जैसे जेसीबी एवं ट्रैक्टर को राजसात करने की प्रक्रिया और अधिक सख्ती के साथ लागू की जाएगी।

## पहले कोयला नियंत्रक संगठन से लेनी पड़ती थी अनुमति

# अब कोयला कंपनी के निदेशक मंडल से ली जा सकेगी खदान खोलने की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब कोयला और लिग्नाइट खदानों को खोलने से संबंधित अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने नियमों को संशोधित कर दिया है। इन संशोधनों से प्रक्रियात्मक दोहराव हटाकर संचालन को तेज करने की सुविधा मिलेगी, जबकि नियामकीय निगरानी जारी रहेगी।

कोलियरी नियंत्रण नियम 2004 के नियम 9 के तहत खदान मालिकों को किसी भी खदान या उसकी परत को खोलने से पहले कोयला नियंत्रक संगठन



(सीसीओ) की मंजूरी लेनी होती थी। यदि कोई खदान 180 दिन या उससे अधिक समय के लिए बंद रहती थी, तो दोबारा संचालन शुरू करने के लिए भी यह मंजूरी लेनी होती है। अब सरकार ने इस प्रक्रिया में दोहराव को कम करने, कोयला उत्पादन बढ़ाने और अनुमोदन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए नियम 9 को संशोधित कर दिया है। अब खदानों या उनकी परत को खोलने की मंजूरी संबंधित कोयला कंपनी के निदेशक मंडल से ही ली जा सकती है। हालांकि सुरक्षा के तौर पर यह प्रावधान रखा गया है कि संबंधित खदान परत को खोलने के लिए निदेशक मंडल केवल तभी मंजूरी देगा, जब केंद्रीय व राज्य सरकार और अन्य वैधानिक निकायों की आवश्यक मंजूरी प्राप्त हो। इस बदलाव से खदान संचालन की समय-सीमा में करीब दो महीने तक की कटौती होने की उम्मीद है। नियमों में यह बदलाव संचालन संबंधी निर्णयों को कंपनी निदेशक मंडल तक स्थानांतरित करता है, जबकि नियामकीय निगरानी और वैधानिक सुरक्षा बनाये रखता है। मंत्रालय ने कहा कि इस संशोधन से दक्षता बढ़ाने, कोयला उत्पादन में तेजी लाने और कोयला नियामकीय ढांचे में विश्वास मजबूत होने की संभावना है।

## हैवी ब्लास्टिंग से धूल से पटा हरदीबाजार


ब्लास्टिंग से उठता धूल का गुबार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन की जबरदस्ती मनमानीपूर्ण रवैया से हरदीबाजार ग्रामवासियों में रोष, रोजाना क्षमता से अधिक बारुद स्तेमाल कर किया जा रहा है हैवी ब्लास्टिंग,पूर्व हो चुकी है कई घटनाएं, उसके बाद भी दीपका प्रबंधन हरदीबाजार की घना आबादी क्षेत्र होने के बावजूद भी खदानों में मानक क्षमता से अधिक बारुद स्तेमाल कर दहला रहा है। ब्लास्टिंग से उड़ते बारुद मिश्रित धूल से पूरा क्षेत्र पट रहा है, लोगों को स्वास्थ्य संबंधी ,सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन, एलर्जी हो रही है। उसके ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सीएम बघेल आज आएंगे



**बिलासपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी एक दिन के प्रवास पर 29 दिसंबर को बिलासपुर आएंगे। श्री बघेल दोपहर 2 बजे अपोलो चौक वार्ड नंबर 52 में पिछले 37 दिनों से चल रहे धरना आंदोलन में शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभय नारायण राय ने बताया कि श्री बघेल दोपहर 2 बजे अपोलो चौक वार्ड नंबर 52 में बैठक लेंगे श्री यहां पहुंचकर पटटा प्राप्त आवास तोड़ने के विरोध में नगर निगम और स्थानीय प्रशासन से न तोड़ने की मांग को लेकर पिछले 37 दिनों से चल रहे धरना आंदोलन में शामिल होंगे। 1 घंटे धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री बघेल के आगमन की जानकारी प्राप्त होने पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने स्थानीय पार्षद दिलीप पाटिल को जानकारी दी।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का हड़ताल आज से



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान, 300 दिन का अवकाश नदीकारण सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय निश्चित कालीन हड़ताल किया जाना है। जिसे सफल बनाने के लिए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी 26 दिसंबर को जल संसाधन विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, तहसील कार्यालय, नगर निगम सहित विभिन्न विभागों में कर्मचारी साथियों को निश्चितकालीन हड़ताल में शामिल होने के लिए जनसंपर्क किया गया। सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा तीन दिवसीय हड़ताल में शामिल होने के लिए आवेदन फॉर्म अपनी कार्यालय प्रमुख को जमा किया है। 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कर्मचारियों को आह्वान किया गया है कि वह फेडरेशन द्वारा अपनी मांगों को लेकर नेहरू चौक में लगाए गए धरना पंडाल में शामिल होने का अनुरोध किया गया। विभिन्न कार्यालय में संपर्क करने वालों में फेडरेशन के पदाधिकारी जीआर चंद्रा, रोहित तिवारी, किशोर शर्मा, राजेश पांडे, रमेश द्विवेदी, आलोक परांजपे, राजेश वस्त्रकार, संतराम लहरे, आर गजभिए, जी मेश्राम आदि साथी शामिल थे।

### प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 11 बजे से होगा कलेक्टर जनदर्शन

**अंबिकापुर।** जिले में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन अब आगामी सप्ताह से प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को प्रातः 11 बजे से जिला कलेक्टरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने जनदर्शन कार्यक्रम में शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले आमजन-ग्रामीणों को किसी प्रकार से कोई परेशानी न हो, इसके लिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को उक्त व्यवस्था का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं।

### चूना पत्थर में भंडारित 100 बोरी अवैध धान जब्त

**बलरामपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम चुनापत्थर में अवैध 100 बोरी धान जप्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल रात्रि ग्राम चूना पत्थर में जवाहिर पंडों के घर के बाहर लगभग 100 बोरी धान अज्ञात व्यक्ति द्वारा छोड़कर फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही तहसीलदार अश्विनी चंद्रा, नायब तहसीलदार आईसी यादव सहित संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और मौके पर 100 अवैध बोरी धान को जब्त किया गया।

# 1154 स्कूलों को 23 करोड़ का आबंटन, अब इसमें खरीदी के लिए राशि की बंदरबांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अलग खबर

समग्र शिक्षा मिशन की ओर से 1154 स्कूलों को 23 करोड़ 8 लाख का आबंटन किया गया है। इस राशि को वोकेशनल कोर्स की ग्रोथ में खर्च किया जाना है। प्रति स्कूल 2-2 लाख रुपए का आबंटन भी कर दिया गया है। इस राशि को राज्य सरकार तरफ से सीधे स्कूलों के खातों में ट्रांसफर किया गया है और खरीदी भी स्कूल स्तर पर ही होनी है लेकिन अब इसमें गड़बड़ी और बंदरबांट की शिकायत मिलने लगी है। जिला शिक्षा विभाग द्वारा इसमें हस्तक्षेप किया जा रहा है और प्राचार्यों से लिस्ट मंगाते हुए खरीदी जिला स्तर पर करने की बात कही जा रही है। प्राचार्यों द्वारा इसका विरोध तो किया जा रहा है लेकिन वे खुलकर सामने नहीं आ पा रहे हैं।

- स्कूल स्तर पर खर्च होनी है राशि लेकिन शिक्षा विभाग लिस्ट मांग रहा



गौरतलब है कि वोकेशनल कोर्स में सामानों की खरीदी को लेकर पहले भी शिकायतें आ चुकीं हैं। ट्रेड के लिए जो सामान भेजा गया था, उसमें कम सामान मिला था। कई जगह पर तो खाली बॉक्स भेजने तक की शिकायतें थीं। इसके अलावा बाजार भाव से कम कीमत पर मिलने वाले टेलीविजन को अधिक कीमत में खरीदकर स्कूलों में सप्लाई कर दिया गया था। सीधे कहें तो वोकेशनल कोर्स से लगातार शिकायतें मिलती रहीं हैं। गौरतलब है कि वोकेशनल कोर्स में राज्य भर के स्कूलों में 15 तरह के ट्रेड चल रहे हैं।

### इन जिलों में जारी हुई है इतनी राशि

सबसे ज्यादा राशि रायपुर जिले में जारी हुई है। यहां 80 स्कूलों के लिए एक करोड़ 60 लाख रुपए मिले हैं। बिलासपुर में 62 स्कूलों के लिए एक करोड़ 24 लाख रुपए मिले हैं तो बलौदाबाजार में 65 स्कूल को यह राशि जारी हुई है। सभी जिलों की बात करें तो हर जिले में लगभग 25-30 स्कूलों को राशि भेजी जा चुकी है। जिसका उपयोग वोकेशनल कोर्स के अलग-अलग तरीके से ग्रोथ पर किया जाना है।

### ट्रेनरों की भर्ती में भी गड़बड़ी

इधर वोकेशनल ट्रेनरों की भर्ती में जो लेनदेन की शिकायतें हैं, वह अब पुलिस जांच में अटक गई है। न तो जांच पूर हो रही है, न ही दोषियों पर कार्रवाई की जा रही है। इस चक्कर में करीब 450 वोकेशनल ट्रेनरों की भर्ती नहीं हो पा रही है। ऐसे में बच्चों को बिना ट्रेनर ही पढ़ाई करनी पड़ रही है।

### होगी मामले की जांच

समग्र शिक्षा से राशि डीईओ के पास भेजी गई है, वहां से इसे स्कूलों में भेजना होता है। खरीदी प्राचार्य ही करते हैं। कौन से जिले ने सामान खरीदने सूची मंगवाई है, बताइए जांच करवा लेते हैं। स्पष्ट गाइडलाइन क्या है इस बारे में भी पता करवा लेते हैं।

**- आरपी आदित्य**
ज्वाइंट डायरेक्टर

# चलती स्कार्पियो में लगी भीषण आग, 5 लोग बाल-बाल बचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बीती रात कोनी रोड पर चलती स्कार्पियो में आग लग गई, जिससे ड्राइवर ने गाड़ी सड़क किनारे रोक दी। उसमें सवार पांच लोग नीचे उतर गए और आग बुझाने की कोशिश करने लगे। इसी बीच गाड़ी भीषण आग की चपेट में आ गई। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया। आग से स्कार्पियो जलकर राख हो गई है।

कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, शनिवार को कोतमा अनूपपुर निवासी ड्राइवर ध्रुव ताम्रकार पिता ब्रिजभान ताम्रकार 21 साल एक परिवार के चार लोगों को लेकर अपोलो हास्पिटल आए थे। परिचित से मिलने के बाद ड्राइवर चारों को गाड़ी में बैठाकर कोतमा लौट रहा था। देर रात सेंदरी के आगे गाड़ी में जलने की बदबू आने पर ड्राइवर ने सड़क किनारे गाड़ी को खड़े कर दिया और सभी लोग बाहर निकल गए। देखते ही देखते वाहन के इंजन से आग की लपटें बाहर निकलने लगीं। सभी लोगों रेत मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान गाड़ी भीषण आग की चपेट में आ गया। राहगीरों की सूचना पर कोनी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई और पानी डालकर आग बुझाने में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। भीषण आग से गाड़ी पूरी तरह से जल गया है।

# 77 हजार किसान बाकी, 34 दिनों में अब सवा लाख क्विंटल रोज करनी होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



**धान खरीदी के 43 दिन पूरे**

केवल 55 हजार किसानों ने ही बेचा धान

धान खरीदी प्रारंभ हुए 43 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन सहकारी समितियों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या बमुश्किल 55 हजार तक ही पहुंच सकी है। जिले में अब भी 77 हजार किसान धान बेचने के लिए कतार में हैं, जिनसे अभी 37 लाख क्विंटल धान खरीदना है। धान खरीदी को अब केवल 34 दिन ही शेष रह गए हैं, जिससे लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रतिदिन सवा लाख क्विंटल धान की खरीदी करनी पड़ेगी।

सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 31 जनवरी तक ही की जानी है। इसके लिए अब केवल 34 दिनों का ही समय शेष रह गया है, जबकि जिले में अभी 77 हजार 177 किसान धान बेचने की कतार में हैं। इन किसानों से अभी 71 हजार 950 हेक्टेयर रकबा अंतर्गत 37 लाख 77 हजार 375 क्विंटल धान की खरीदी की जानी है। ऐसे में यह प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है। जिले में इस साल 1 लाख 32 हजार 634 किसानों ने धान बेचने के लिए समितियों में अपना पंजीयन कराया है। जिनके 65 हजार 643 हेक्टेयर रकबे का धान ही समितियों तक पहुंच सका है।

### 43 दिनों में केवल 41 प्रतिशत खरीदी

प्रदेश में धान की खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ की गई है। ऐसे में 43 दिनों में अब तक केवल 41 प्रतिशत धान ही खरीदा जा सका है। धान खरीदी 31 जनवरी तक ही की जानी है, जिससे अब केवल 34 दिन ही शेष हैं, जबकि अभी 59 प्रतिशत धान खरीदी शेष है। बड़े किसानों का टोकन नहीं काटना खरीदी के प्रतिशत में कमी के पीछे एक बड़ा कारण हो सकता है।

### बढ़ाई गई है खरीदी की लिमिट

उपार्जन केंद्रों में समय-समय पर आवश्यकतानुसार प्रतिदिन की खरीदी लिमिट को बढ़ाया गया है। आगे भी लिमिट बढ़ाई जाएगी। धान खरीदी की तय समयसीमा तक जिले में खरीदी का लक्षित आंकड़ा प्राप्त कर लिया जाएगा।

**अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

### लगातार बढ़ानी होगी लिमिट

प्रशासन द्वारा प्रत्येक खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट तय की गई है। हालांकि इसे दो बार बढ़ाया गया है, लेकिन यह पर्याप्त साबित नहीं हो पा रहा है। यदि निर्धारित समय पर लक्षित खरीदी का आंकड़ा छूना है तो समितियों में लगातार प्रतिदिन खरीदी की लिमिट को बढ़ानी पड़ेगी। तभी बड़े किसानों का धान समितियों तक पहुंच सकेगा।

## 13 हजार किसानों ने दिखाई दिलेरी, कर दिया रकबा समर्पण

**बिलासपुर।** 43 दिनों की धान खरीदी में ही जिले के 13 हजार से अधिक किसानों ने अपना रकबा समर्पण कर शेष किसानों के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत कर दिया है। अब तक किसान बिचौलियों के झांसे में आकर आंशिक लाभ के चक्कर में दूसरों का धान अपने खातों में बेच दिया करते थे, जिससे सरकार को बड़ा नुकसान होता था।

- बिचौलियों के झांसे में नहीं आ रहे किसा
- शासन को होगा लाभ

अपने खाते में धान की बिक्री के बाद भी शेष बची जगह में कमीशन की लालच में किसी और का धान बेचने की परंपरा पर धीरे-धीरे विराम लग रहा है। प्रशासन की लगातार समझाइश के बाद न केवल किसानों में जागरूकता आ रही है, बल्कि वे बिचौलियों के झांसे में भी नहीं आ रहे हैं। यही कारण है कि किसानों के द्वारा लगातार रकबा समर्पण किया जा रहा है। जिले में अब तक 13 हजार 260 किसानों ने अपना रकबा समर्पण कर दिया है, जबकि धान खरीदी के 34 दिन अब भी शेष हैं। किसानों द्वारा अपने अलावा किसी और का धान अपने खातों में बेचने के कारण उस धान पर भी सरकार को समर्थन कीमत पर भुगतान करना पड़ता था, जिससे सरकार को बड़ा नुकसान होता था। अब किसानों में जागरूकता आने के कारण सरकार को भी होने वाले आर्थिक नुकसान में कमी आ रही है।

### चलाया गया है जागरुकता अभियान

रकबा समर्पण के लिए लगातार जनजागरूकता अभियान चलाए गए हैं, जिससे किसानों में लगातार जागरूकता भी आ रही है। जिले में 13 हजार किसानों के द्वारा किया गया रकबा समर्पण इसी का परिणाम है।

**- अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

## चिनिया टीम ने सूर्य प्रकाश मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट खिताब किया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

चिनियां खेल मैदान में आयोजित सूर्य प्रकाश मेमोरियल जनपद स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। फाइनल मैच पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा रामविचार नेताम की उपस्थिति में चिनियां एवं तेतरडीह टीम के बीच हुआ, जिसमें चिनियाँ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तेतरडीह को 3-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। तेतरडीह की टीम उप विजेता रही।

क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम द्वारा अपने दिवंगत पुत्र स्व. सूर्य प्रकाश नेताम की स्मृति में प्रतिवर्ष क्षेत्र में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष सूर्य प्रकाश मेमोरियल



फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन जनपद स्तर पर किया गया। फाइनल मैच में चिनियां की टीम ने घरेलू मैदान का भरपूर लाभ उठाते हुए तेतरडीह टीम को 3-1 से हराकर विजय प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुष्पा रामविचार नेताम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेताम परिवार सदैव क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेगा। खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक, सामाजिक विकास एवं सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम जिला, प्रदेश एवं देश स्तर पर रोशन करने करने की बात कही। टूर्नामेंट में जनपद भर से कुल 44 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए धमनी, आरागाही, आबादी एवं चिनियां चार खेल मैदानों का चयन किया गया था, जबकि समापन चिनियां खेल मैदान में हुआ। टूर्नामेंट में विजेता टीम चिनियां को 41 हजार नगद पुरस्कार तथा उपविजेता टीम तेतरडीह को 25 हजार नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी 44 टीमों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में ड्रेस किट वितरित की गई। फाइनल मुकाबले के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता अनूप तिवारी, कन्हैयालाल अग्रवाल, भानु प्रकाश दीक्षित, बलवंत सिंह, तारावती सिंह, मुंशी राम शांडिल्य, बद्री यादव, मुंद्रिका सिंह, सुनील तिवारी, राजकुमार यादव, अशरफी यादव, अनोज यादव, पवन कश्यप सहित अन्य मौजूद रहे। आयोजन समिति में अध्यक्ष अमावस सिंह, सुनील सिंह, रामविचार सिंह, वीरेंद्र सिंह मरकाम, मंगल सिंह एवं राम प्रवेश सिंह सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## औचक निरीक्षण में अनुपस्थित रोजगार सहायक, नोटिस जारी

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने 26 दिसम्बर को चेक पोस्ट रामानुजगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत केरवाशीला ग्राम रोजगार सहायक संजय सिंह जिनकी ड्यूटी चेक पोस्ट पर लगाई गई थी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। उक्त संबंध में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के सीईओ रणवीर साय के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 3 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। समयावधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने अथवा संतोषजनक न होने की स्थिति में संजय सिंह के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तरी छत्तीसगढ़ में ठंड का कहर शीतलहर से कांप रहा इलाका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाड़ कंपाने वाली ठंड के आगे सब नतमस्तक हो रहे हैं। शीतलहर और कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। रविवार को भी शीतलहर के चलते पूरा इलाका कांप रहा है।

दिसंबर का महीना जाते-जाते सर्द रातों के सितम दे रहा है। शाम होते ही पारा गिरा धीरे-धीरे नीचे जा रहा है, वहीं अल सुबह कोहरे से आसमान भर जाता है। सुबह 9 बजे तक सड़कों पर कोहरे नजर आ रहे है।

## जशपुर मार्ग में कर रहे थे ग्राहक का इंतजार

# पैंगोलिन शल्क के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसमी

वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो कुसमी, बलरामपुर एवं जशपुर की संयुक्त टीम ने पैंगोलिन शल्क के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन विभाग की संयुक्त टीम ने जशपुर मार्ग स्थित बाबा चौक के पास दो आरोपियों को दो में रखे पैंगोलिन शल्क के साथ पकड़ा।

बनौरा बलरामपुर निवासी प्रभु सोनवानी पिता स्व.राम खेलावन सोनवानी (44वर्ष) एवं संतोषीनगर बलरामपुर निवासी निखिल सरकार पिता बिट्टू सरकार (43वर्ष) दो बैग



पैंगोलिन शल्क के साथ आरोपी।

में पैंगोलिन शल्क लेकर किसी का इंतजार कर रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन अधिकारियों ने आरोपियों के बैग की तलाशी ली तो हरे एवं गुलाबी रंग के दो प्लास्टिक थैलों में पैंगोलिन शल्क मिला। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों ने गांव के विजय पिता वासुदेव (40वर्ष) एवं बसंत पिता जमुना (32वर्ष) के साथ कुछ समय पूर्व सीमावर्ती झारखण्ड के भण्डरिया जंगल में पेंगोलिन का शिकार किया था तथा विक्रय करने के लिए पैंगोलिन शल्क को संभालकर रखा था। हाल ही में एक व्यक्ति से पैंगोलिन शल्क का सौदा एक लाख में हुआ था। व्यक्ति सौदे की राशि देने के लिए बाबा चौक पर बुलाया था। वे पैंगोलिन शल्क को खपाने सौदा करने वाले व्यक्ति का इंतजार कर रहे थे कि वन अधिकारियों ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों की निशानदेही पर विभाग की टीम ने अन्य दो आरोपियों को भी उनके घर से गिरफ्तार किया। वन्य प्राणी अधिनियम 1972 की धारा 44, 49, 49बी, 51 के तहत गिरफ्तार चारों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

कार्रवाई में उपवन मण्डलाधिकारी रविशंकर लाल श्रीवास्तव, वन परिक्षेत्राधिकारी कालीराम, डिप्टी रेंजर जाफर हुसैन, वन रक्षक वनवीर नंदलाल कुजूर, विश्वनाथ भगत, वंदेश्वर राम सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित थे।

## घर में सो रहे थे परिवार के सदस्य दो कमरों में हो गई चोरी

**अंबिकापुर।** शहर के जरहागढ़ स्थित एक मकान में लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। बड़ी बात तो यह है कि घर में लोगों की मौजूदगी के बाद भी चोर नगदी समेत लगभग 6 लाख रुपए के जेवर लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि जरहागढ़ महामाया वार्ड क्रमांक 37 निवासी यासमीन खातून अपने घर में सो रही थी। इस दौरान भोर में लगभग 5 बजे जब वह सोकर उठी और पानी पीने के लिए कमरे से आहार निकली तो निईचे उनकी जेठानी के कमरे का दरवाजा खुला मिला। ऐसे में जब उन्होंने कमरे में देखा तो अंदर रखी अलमारी टूटी हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने तत्काल अपने ससुर को घटना की जानकारी दी। महिला ने जब घर में उपरी मंजिल पर मौजूद ननद के कमरे में जाकर देखा तो वहां भी कमरे के अंदर आलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा पडा था। इसके बाद घर में हड़कंप मच गया। महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। फिलहाल की जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों कमरों की आलमारियों व उनकी तिजोरी को तोड़कर चोरों ने लगभग 50 हजार रुपए नगद व 5 से 6 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर की चोरी की है। बड़ी बात यह है कि घर में परिवार के शेष सदस्य मौजूद थे लेकिन उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लग पाई। अबतक यह पता नहीं चल पाया है कि चोर किस रास्ते से घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है लेकिन उन्हें कोई सुराग नहीं मिल पाया है। थाना प्रभारी कोतवाली शशिकांत सिन्हा ने बताया कि इस मामले की जांच चल रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का तीन दिवस हड़ताल आज से

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश भर के समस्त शासकीय कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय आंदोलन करेंगे। इसी कड़ी में फेडरेशन के पदाधिकारी के आर डहरिया, जे पी खरे, तरूण सिंह राठौर एवं ओमप्रकाश बघेल ने बताया कि लंबे समय से कर्मचारी एवं अधिकारियों की मूलभूत और नीतिगत मांगे शासन स्तर पर लंबित है। बार-बार ज्ञापन चर्चा एवं आश्वासन के बावजूद इन मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया जिससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। फेडरेशन की प्रमुख मांगों में केंद्रीय कर्मचारियों की भांति नियत समय से लंबित महंगाई भत्ता एवं देय तिथि से एरियर्स प्रदान की जाए, वेतन विसंगति का निराकरण, चार स्तरीय समय मान वेतनमान, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, भर्ती एवं सेवा शर्तों में सुधार, सेवानिवृत्ति आयु में बढ़ोतरी, अर्जित अवकाश नगदीकरण में 300 दिन बढ़ोतरी, कैशलेस सुविधा, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना के साथ-साथ 11 सूत्रीय महत्वपूर्ण मांगे शामिल है।

### श्रीवास (नाई) सामाजिक कल्याण समिति का सदस्यता अभियान शुरु

**कोरबा।** जिले में संचालित श्रीवास (नाई) सामाजिक कल्याण समिति पंजीकृत का सदस्यता अभियान विगत दिनों इकाई-वार संम्पन्न हुआ। अपरिहार्य कारणों से जिन व्यक्तियों का सदस्यता नहीं हो पाया है, उन व्यक्तियों के लिए समाज के द्वारा 28 से 31 दिसंबर तक वृहद सदस्यता अभियान चलाकर, सदस्य बनने हेतु सभी से अपील की गई है। यह सदस्यता, श्रीवास (नाई) सामाजिक कल्याण समिति के कार्यालय अंजनी कुंज परिसर कुआभट्ठा में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक संपन्न होगी। चूकि मनोनयन की प्रक्रिया समाज के द्वारा किया जाना है, जिसमें यह निर्देशित किया गया है कि मनोनयन की प्रक्रिया में वही व्यक्ति शामिल हो सकता है।

### विजय बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष



**हरदीबाजार।** प्रेसक्लब हरदीबाजार के संरक्षक डॉ विजय राठौर को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कोरबा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा साल, श्रीफल बुके से सम्मानित किया गया एवं डॉ विजय राठौर के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान बाबूराम राठौर, राजाराम राठौर, निलेन्द्र राठौर, विनोद उपाध्याय ,जगदीश अग्रवाल, प्रमोद राठौर सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

### ग्राम सेपीमाली में दंतैल का आतंक, किसानों के फसलों को पहुंचाया नुकसान

**कोरबा।** जिले के करतला रेंज में दंतैल हाथी का आतंक लगातार जारी है। दंतैल हाथी रेंज के सेमीपाली सर्किल में विगत कई दिनों से विचरण कर रहा है और लोगों के बाड़ी में प्रवेश कर वहां लगे केला, गन्ना व अन्य सब्जी के पौधों को उत्पात मचा कर तहस-नहस कर रहा है, जिससे क्षेत्रवासी काफी परेशान है। शनिवार की रात दंतैल हाथी ने पुनः सर्किल के नवाडीह में उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों के बाड़ी में प्रवेश किया और वहां लगे सब्जी के पौधों को तहस-नहस कर दिया है, जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिये जाने पर वन विभाग का अमला रविवार की सुबह मौके पर पहुंचा और रात में दंतैल द्वारा किये गये नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की, जिसे अधिकारियों को सौंपा जाएगा।

### यूथ हॉस्टल की टीम ने ओडिसा की यात्रा में जाने अहम तथ्य



**कोरबा।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया कोरबा इकाई छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा 24 से 27 दिसंबर तक 4 दिन की पुरी धाम की धार्मिक सह शैक्षणिक यात्रा आयोजित की गई। कोरबा, कवर्धा, बिलासपुर, रायपुर के सदस्य इसमें शामिल हुए। डीएसपीएम कोरबा के मुख्य अभियंता संजीव कंसल ने पूजा अर्चना व झंडी दिखाकर सदस्यों को रवाना किया। इससे पूर्व तकनीकी आयाम जोड़ने कवर्धा इकाई के साथ सदस्यों ने डीएसपीएम का भ्रमण एके तोमर के नेतृत्व में किया। समय नियोजन के लिये वाहन में कॉर्डलेस माइक्रोफोन, चार्जिंग सुविधा एवं स्पीकर सिस्टम की व्यवस्था की गई, जिससे परिचय सत्र, प्रमाण-पत्र वितरण, गायन, अंताक्षरी तथा सदस्यता कार्ड वितरण जैसी गतिविधियाँ सुचारु रूप से हुई। शेड्यूल के तहत 5 इकाई के भिन्न आयु वर्ग के 43 सदस्यों ने श्री जगन्नाथ मंदिर, सूर्य मंदिर, साक्षी गोपाल मंदिर, लिंगराज मंदिर, में दर्शन पूजन के साथ धौली शांति स्तूप तथा नंदनकानन प्राणी उद्यान का भी भ्रमण किया गया। नंदनकानन प्राणी उद्यान, समुद्र तट, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कर यहां के इतिहास, संरचना, शिल्प, मान्यता व रहस्यों को जाना। यह कार्यक्रम राज्य चेयरमैन संदीप सेठ के नेतृत्व में सफलतापूर्वक हुई। पी. एल. मिरेंद्र, श्रीमती शिव कुमारी, श्रीमती कल्पना, त्रिभुवन, राहुल गुप्ता सुभाष पांडा एवं डॉ. निशांत का महत्वपूर्ण सहयोग एवं समन्वय रहा।

# रेलवे कॉलोनी में पानी की समस्या दूर करने बनेगी कार्ययोजना

## रेलवे मजदूर कांग्रेस के सुझाव पर निगम से टाइअप करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

रेलवे स्टेशन की नई पुरानी कॉलोनी में पानी की समस्या दूर करने रेलवे मजदूर कांग्रेस के सुझाव पर निगम से टाइअप करने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में रेलवे अफसरों ने रेलवे मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की बाद निगम अधिकारियों से बात की गई। चर्चा के बाद उम्मीद की जा रही है कि पानी की आपूर्ति सहित कॉलोनी में व्याप्त अन्य समस्याओं को जल्द ही दूर कर लिया जाएगा।

रेलवे मजदूर कांग्रेस के अध्यक्ष विजय अग्निहोत्री के निर्देश पर शनिवार को चाम्पा एडीईएन राकेश सिन्हा एवं सीएसडब्ल्यू कमल उपाध्याय के साथ कोरबा मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने कोरबा रेलवे स्टेशन कॉलोनी का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान कोरबा मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधियों में आनंद गुप्ता, सुधीर कुमार, सनोज यादव, संतोष कुमार, सुशील शर्मा, लक्ष्मण गोंड समेत अन्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विभिन्न समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। इनमें नई रेलवे इंस्टीट्यूट, कम्युनिटी हॉल, सड़क, 200 मीटर नाली, टाईबार फेसिंग की रंगाई, सभी क्वार्टरों के लिए सेंट्रलाइज टॉयलेट चैम्बर, रेल्वे ग्राउंड में शेड के साथ 6 सिटिंग कुर्सी, क्वार्टर मैप बोर्ड, कॉलोनी में स्थित मंदिर की चैनलिंक फेसिंग इत्यादि कार्यों पर त्वरित कार्रवाई कराने पर एडीइएन चांपा ने आश्वासन दिया है। साथ ही नई पुराने कॉलोनी, रनिंग रूम, क्रू लाबी और स्टेशन में पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए एसईसीआरएमसी ने सुझाव दिया कि क्यों न नगर निगम से वाटर सप्लाई के लिए टाईअप किया जाए। एडीइएन ने इस सुझाव को मानते हुए तुरंत पूरी टीम के साथ नगर कार्यालय पहुंचे और सहमति बनाने का प्रयास शुरू किया। कुछ महीनों में पानी की समस्याओं से निजात मिलने की उम्मीद की जा रही है। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस, कर्मचारियों की हर समस्याओं से मुक्ति दिलाने हेतु प्रतिबद्ध है।

**खास बातें**

- गर्मी में जल संकट से जूझते हैं रेलवे कर्मचारी
- एक टंकी से ही होती है कालोनी में पानी की सप्लाई



## उद्योग मंत्री एवं ने किया विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# कोसाबाड़ी जोन के 9 वार्डों में 5 करोड़ 23 लाख के विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोसाबाड़ी जोनांतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 19, 20, 22, 23, 24, 25, 35, 36 एवं 37 को रविवार को 5 करोड़ 23 लाख रूपये के 22 नए विकास कार्यों की सौगात प्राप्त हुई। जिसका भूमिपूजन उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने किया।

नगर निगम द्वारा वार्ड क्र. 19 अंतर्गत प्राथ. शाला मानस नगर में 10 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, सुलभ शौचालय निहारिका, सुभाष चौक के बगल में 5 लाख रूपये की लागत से सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 20 अंतर्गत सामुदायिक भवन में 4 लाख रूपये की लागत से किचन शेड का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 22 अंतर्गत 10 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण एवं निर्माण कार्य (आरामशीन शिव मंदिर के पास), वार्ड क्र. 23 अंतर्गत गांधी चौक से बजरंग चौक तक एवं गढ़कलेवा से आर्य शिशु मंदिर तक 30 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 24 निहारिका पानी टंकी से वीर सावरकर होते हुए गरिमा मेडिकल तक 40 लाख रूपये की लागत से आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 24 दशहरा मैदान सामुदायिक भवन के पास 10 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण व अन्य विस्तार कार्य, वार्ड क्र. 25 अंतर्गत एल.आई.जी 1 से 30, एल. आई.जी 57 से 82, एल.आई.जी 101 से 150 में 40 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण कार्य , वार्ड क्रमांक 35 अंतर्गत शंकर नगर औद्योगिक क्षेत्र सरोज पटेल के घर से विपिन शर्मा के घर तक 05 लाख रूपये की लागत से सी.सी रोड का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 35 अंतर्गत 15 लाख रूपये की लागत से किचन शेड स्टोर रूम सहित मंच एवं हॉल निर्माण कार्य आदिवासी उरावं सरना समाज सर्वाजनिक उपयोग हेतु झगरहा डिहीपारा कोरकोमा रोड), वार्ड क्र. 35 न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी खरमोरा गेट से मेन रोड तक 15 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 35 अंतर्गत मेन रोड स्थित 9 लाख 82 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार एवं अन्य विकस कार्य, वार्ड क्र. 35 खरमोरा अंतर्गत प्रायमरी स्कूल के सामने स्थित 9 लाख 65 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार एवं अन्य विकास कार्य, वार्ड क्र. 36 अंतर्गत मेमन शॉप से रेलवे घाट तक 100 बेड हॉस्पिटल के सामने 1 करोड़ 93 लाख 92 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 36 अंतर्गत सतनाम नगर स्थित 14 लाख 74 हजार रूपये की लागत से शासकीय प्राथमिक शाला भवन एवं आहता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 36 अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला पीडब्ल्यूडी रामपुर में 16 लाख 59 हजार रूपये की लागत से नवीन शाला भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 36 अंतर्गत 100 बेड हॉस्टिपल के कैम्पस में 39 लाख 60 हजार रूपये की लागत से वेटिंग हॉल का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 36 डिंगापुर ओम फ्लेट के पास मुख्य मार्ग से सुमन घर होते हुए रम्भा पटेल घर तक 5 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 36 अंतर्गत प्राथ. शाला सतनाम नगर रिसदी में 13 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 37 अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी आई.टी.आई. रामपुर में पुराना आंगनबाडी के पास 5 लाख रूपये की लागत से सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य, वार्ड क्रं 37 अंतर्गत शास.प्राथ.शाला पीडब्ल्यूडी रामपुर में 15 लाख 53 हजार रूपये की लागत से नवीन शाला भवन निर्माण कार्य तथा वार्ड क्र. 37 रामपुर बजरंगबली मंदिर के पास स्थित 15 लाख रूपये के कार्य शामिल हैं।



भूमपूजन करते हुए उद्योग मंत्री, महापौर एवं अन्य।

## बाबा गुरु घासीदास के 7 संदेश 42 वचन को पूरे विश्व मानने को तैयारः आदिले



कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम हरदी बाजार में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के 269वीं जयंती गुरुपर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल विधायक तथा अध्यक्षता नरेश टंडन विधायक प्रतिनिधि व प्रदेश प्रभारी प्रशिक्षण भाजपा अजा मोर्चा तथा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्यारेलाल आदिले प्राचार्य बुढादेव कॉलेज कटघोरा रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल ने बाबा गुरु घासीदास के बताएं मार्ग में चलने से प्रत्येक समाज की विकास और आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। सभी समाज को बाबा की बताए मार्ग पर चलना और उसके नियमों का पालन करना चाहिए। आज से वर्षों पूर्व बताएं गए रास्ते पर सरकार भी चल रही है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे नरेश टंडन ने भी अपने संबोधन में समाज के लोगों को सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने से ही समाज वह व्यक्तित्व का विकास उन्नति और हमारे आने वाले पीढ़ी को तथा युवाओं को सामाजिक इतिहास की ज्ञान मिलता है जिससे समाज को एक नई दिशा ऊर्जा और विकास मिलता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर प्यारेलाल आदिले ने भी संबोधित करते हुए कहा कि संत बाबा गुरु घासीदास के बताए 7 संदेश और 42 वचन के आधार पर ही संविधान का निर्माण किया गया है और बाबा के सभी बताए वचन संविधान में समाहित है। आज पूरे विश्व में भारत के संविधान को अनुसरण करते हैं जिसमें संत गुरु घासीदास के एक-एक वाणी को समाहित होने का एहसास होता है विशिष्ट अतिथि रत्नेश सिंह टंडन अधिवक्ता हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट ने भी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और मेहनत के बल पर समाज के बच्चों को निश्चित रूप से सफलता मिलता है समाज में शिक्षा को विशेष जोर देते हुए समाज के सभी लोगों को आह्वान किया गया कि अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दें और संविधान व कानून की भी जानकारी देना चाहिए और अपने शिक्षा व योग्यता को समाज के विकास में भी भागीदारी देने से समाज निश्चित रूप सेआगे बढ़ेगी। इस दौरान मनीराम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष सतनामी युवा कल्याण समिति, सनीता अनिल टंडन जनपद सदस्य धीरहे प्राचार्य, डॉक्टर प्रभुवा रत्नेश सिंह टंडन अधिवक्ता हाईकोर्ट कौशल प्रसाद बंजारे, संरक्षक अजय टंडन, अजय टंडन उपाध्यक्ष, विमल चंद्र आनंद महेंद्र टंडन राज ओगरे चैतराम सहित अन्य उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय में भव्य भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन



नगर निगम आयुक्त को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में रविवार को भूतपूर्व छात्र–छात्राओं का भव्य सम्मेलन अत्यंत उत्साह, गरिमा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न भागों से आए 120 से अधिक भूतपूर्व छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के गौरवशाली पूर्व छात्र आशुतोष पाण्डेय, आई.ए.एस. रहे।

श्री पाण्डेय ने अपने शासकीय एवं प्रशासनिक अनुभव साझा करते हुए कहा कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय एक विशिष्ट आवासीय संस्था है, जिसकी शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और सह–पाठ्यक्रम गतिविधियाँ इसे अन्य विद्यालयों से पूर्णतः अलग और अद्वितीय बनाती हैं। उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने प्रथम दिनों, अकादमिक कार्यक्रमों के साथ–साथ सदन गतिविधियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार नवोदय विद्यालय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के मानसिक, शैक्षिक एवं सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि आशुतोष पाण्डेय द्वारा संतोष कुमार चौरसिया, पीजीटी (रसायन विज्ञान) राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त को एलुमनी की ओर से श्रीफल, शॉल एवं स्मृति–चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पी. आर. शंकरी ने की। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी भूतपूर्व छात्रों को बधाई दी तथा पधारे हुए पूर्व शिक्षकों अदीप मिश्र, एम. के. मिश्र, महाबली पोर्टे एवं दिलहरन घृतलहरे का पुष्प–गुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया।

## गोढ़ी में बाबा गुरु घासीदास जयंती का तीन दिवसीय महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्थानीय कलाकार।

जिले के ग्राम गोढ़ी में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती अवसर पर 25 से 27 दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय भव्य महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और सुव्यवस्थित आयोजन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी पंथी प्रतियोगिताओं में से एक के रूप में अपनी विशेष पहचान रखता है। महोत्सव की शुरुआत 25 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। पहले दिन ऑडियो पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार 4 हजार रुपये, द्वितीय 3 हजार रुपये, तृतीय 2 हजार रुपये तथा चतुर्थ 15 सौ रुपये प्रदान किए गए।

उक्त महोत्सव का मुख्य आकर्षण प्रदेश स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता रही, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए शीर्ष पंथी दलों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में रायपुर की धुसेरा पंथी पार्टी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 50 हजार रुपये का पुरस्कार जीता। द्वितीय स्थान पत्थलगांव की बालकदास पंथी पार्टी को मिला, जिन्हें 30 हजार रुपये प्रदान किए गए। महासमुंद की बावनकेरा पंथी पार्टी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 21 हजार रुपये का पुरस्कार हासिल किया। चतुर्थ स्थान गढ़बेला, पिथौरा को 10 हजार रुपये, पंचम स्थान रलिया, बिलासपुर को 7 हजार रुपये, षष्ठम स्थान सत के अंजोर पंथी पार्टी, जाजंग को 5 हजार रुपये तथा सप्तम स्थान टिंगीपुर पंथी पार्टी को 5 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य सभी प्रतिभागी पंथी दलों को दूरी के अनुसार 2 हजार से 5 हजार रुपये तक की सांत्वना राशि प्रदान की गई। तीन दिनों तक लगातार भव्य सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। समापन दिवस 27 दिसंबर की शाम आयोजित विशेष भंडारे में 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम गोढ़ी सहित आसपास के अनेक गांवों से हजारों श्रद्धालुओं ने महोत्सव में सहभागिता की।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बरपाली आयुर्वेद...

स्तर का मानक प्रमाण पत्र मिला है। इनके अलावा 10 और डिस्पेंशरियों के संबंध में भी आयुष विभाग के द्वारा तैयारियां की जा रही हैं ताकि उनको भी आयुष विभाग की गाइड लाइन के अनुसार अपग्रेड किया जा सके। बरपाली के बाद जवाली और छुरी की आयुर्वेद डिस्पेंशरी को अपग्रेड करने के साथ राष्ट्रीय स्तर का मानक प्रमाण पत्र दिलाया जाएगा।

### अवैध धान...

प्रकार का लाइसेंस, मंडी पर्ची या अन्य वैध कागजात पेश नहीं कर सका। बिना दस्तावेज के इतनी बड़ी मात्रा में धान का भंडारण नियम विरुद्ध पाए जाने पर मौके पर ही पंचनामा तैयार कर संपूर्ण 200 बोरी धान जब्त कर लिया गया। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध धान कारोबार करने वाले कोचियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी सीजन के दौरान इस तरह की सघन निगरानी और कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी ताकि बिचौलियों और अवैध कारोबारियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### सूने मकान में...

और रात्रि लगभग 1.54 बजे घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है।

### हैवी ब्लास्टिंग...

बाद भी दीपका प्रबंधन जबरदस्ती मनमानीपूर्ण रवैया अपनाते हुए, संवेदनशीलता की सभी हदे पार कर रही है । जिससे हरदीबाजार के ग्रामीण में प्रबंधन के खिलाफ गहरा रोष है। जिसका ग्राम समिति पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामवासियों ने कड़ा विरोध जताया है। जिसकी लिखित शिकायत जिला कलेक्टर से करने की तैयारी है।

## एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा का वार्षिकोत्सव संपन्न

# सामूहिक नृत्य में राष्ट्रभाव की संस्कृति की दिखी झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

जिले का सर्वोत्कृष्ट 7 स्टार रैंकिंग अवार्डेड सीबीएसई अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) में विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अतिथियों एवं दर्शकों का ऐसा मनमोहा कि कार्यक्रम में तीन घंटे तक दर्शक दीर्घा खचाखच भरा था।

कार्यक्रम प्रारंभ होने के बाद एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने बच्चों, अभिभावकों एवं दर्शक दीर्घा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक, बौद्धिक विकास जरूरी है और वार्षिकोत्सव से बच्चों को प्रतिभा विकास के लिए एक बड़ा मंच मिलता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त विद्यालय का लाभ उठाएं और अच्छे से पढ़-लिख कर विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन करें। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में देश के जानेमाने समाजसेवी एवं द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स एमडी 3233 के मल्टीपल काउंसिल चेयरमेन पीएमजेएफ लायन मनीष शाह विशेष रुप से उपस्थित हुए और बच्चों को टिप्स देने के साथ कहा कि शिक्षा का यह प्रकल्प हजारों ग्रामीण बच्चों का भविष्य संवारने के लिए एक आधार स्तंभ साबित हो रहा है। यह विद्यालय लायनिज्म का एक अद्भुत उदाहरण है। गेस्ट आफ ऑनर के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल ने कहा कि लायन राजकुमार अग्रवाल वे व्यक्तित्व हैं, जो ठान लेते हैं, पूरा करके दिखाते हैं। इस विशाल प्रांगण में बच्चों का विशाल समूह स्वर्णीम भविष्य की ओर ईशारा करते दिख रहे हैं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति में उनका प्रयास दिखता है। प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन रिपुदमन पुसरी ने कहा कि बच्चों की अद्भुत प्रतिभा देख कर वे प्रभावित हैं। शिक्षा के लिए इस तरह का बेहतर वातावरण देना कोई कम बड़ी बात नहीं है। द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक ने कहा कि प्रतिभावान बच्चों को विद्यालय प्रबंधन उच्च शिक्षा के लिए भी सहयोग कर रहा है, इसलिए प्यारे बच्चों! खूब पढ़ाई करो और उच्च शिक्षा के लिए कोई परेशानी नहीं होगी।



नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं।



# 5 लाख की लागत से शहर के 10 स्थानों में बन रहा है भूजल रिचार्ज पिट

## इशरो और भूजल सर्वेक्षण विभाग की टीम ने किया था सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के शहरी और उपनगरीय क्षेत्रों में भूजल के गिरते स्तर की रिपोर्ट सामने आने के बाद शहर के 10 स्थानों में 5 लाख की लागत से भूजल को रिचार्ज करने के लिए पिट निर्माण का काम पहले चरण में किया जाना है जिसमें इंदिरा स्टेडियम, गौमाता चौक, मिनीमाता कालेज और कलेक्टोरेट शामिल हैं।

अलग खबर

भूजल के गिरते स्तर का सर्वे करने इशरो और नागपुर की भूजल सर्वेक्षण विभाग की टीम के द्वारा साल में दो बार सर्वे किया गया था। वर्ष 2024-25 में हुए सर्वे में बारिश के पहले जलस्तर का पैमाना दर्ज किया गया था और उसके बाद बारिश खत्म होने के बाद की स्थिति देखने के लिए दूसरे चरण का सर्वे किया गया। दोनों सर्वे रिपोर्ट के बाद शहर में भूजल की चिंताजनक स्थिति सामने आयी। इसके बाद वॉटर रिचार्ज पिट निर्माण के लिए स्थान तय किया गया वह भी ऐसे स्थानों में जहां बारिश का पानी रिचार्ज करने के लिए किसी तरह के पिट नहीं बने थे। उक्त योजना तैयार होने के बाद स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया था। जिस पर बीते जुलाई माह में स्वीकृति मिली थी। पहले चरण में 10 स्थान तय किए गए हैं। इसमें इंदिरा स्टेडियम में रिचार्ज पिट का निर्माण पूरा हो चुका है और कलेक्टोरेट में पिट निर्माण का काम किया जा रहा है। इसके बाद गौमाता चौक और मिनीमाता कालेज में इस पिट निर्माण का कार्य किया जाएगा। अब तक जिस तरह के वॉटर रिचार्ज पिट बनते थे यह पिट उनसे पूरी तरह अलग है।

**खास बात**

- इंदिरा स्टेडियम, कलेक्टोरेट, गौमाता चौक, मिनीमाता कॉलेज में पहले चरण में होगा काम



### बोर से होगा भूजल रिचार्ज

नई तकनीक से बन रहा भूजल रिचार्ज पिट में सबसे पहले 50 मीटर तक बोर खनन किया जाता है। अभी तक बोर खनन भूजल के पानी को बाहर निकालने के लिए ही किया जाता रहा है। इस पिट में जो बोर खनन होगा उसमें चारों तरफ होल किए जाएंगे। जिससे टंकी के चारों ओर भरन वाला पानी इस बोर के माध्यम से जमीन के अंदर पहुंचेगा। कलेक्टोरेट में बन रहा वॉटर रिचार्ज पिट इसी तकनीक से तैयार हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### सांसद ज्योत्सना जिले के प्रवास पर



**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत 30 दिसंबर तक जिले के प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान सांसद श्रीमती महंत कटघोरा विधानसभा, पाली तानाखार विधानसभा व रामपुर विधानसभा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

### छग चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष आज आएंगे कोरबा



**कोरबा।** छग चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा 29 दिसम्बर को कोरबा प्रवास पर रहेंगे। वे रामपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम बरपाली में दोपहर 1 बजे अटल स्मृति कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहाँ से शाम 4 बजे वे रायपुर प्रस्थान करेंगे।

### नृत्य प्रतियोगिता में गुरु-शिष्यों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कोरबा।** दुर्ग में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल डांस प्रतियोगिता 2025 नृत्य नर्तन में ईशा देवांगन बालको निवासी अर्जुन देवांगन, रजनी देवांगन की पुत्री जो बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल- बिलासपुर में शास्त्रीय कत्थक नृत्य शिक्षिका हैं, ने कत्थक (एकल) में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया तथा उन्हें गुरु सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रतियोगिता में उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पुरस्कार जीते। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों ने अत्यंत सराहनीय प्रस्तुति दी। रिद्धि डोडवानी ने लोक नृत्य (एकल) में प्रथम पुरस्कार, तरण कोटवानी एवं प्रितिका रॉय ने अर्ध-शास्त्रीय (युगल) में द्वितीय पुरस्कार, आराध्या श्रीवास्तव एवं भाविका साहू ने अर्ध-शास्त्रीय (युगल) में तृतीय पुरस्कार, तथा पूर्वा बघेल ने अर्ध-शास्त्रीय (एकल) में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

### 11 केवी तार टूटने से बिजली आपूर्ति बाधित

**कोरबा।** विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए खम्भे को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। इस हादसे में 11 केवी लाइन प्रभावित तार टूट जाने की वजह से टीपी नगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना मिलने पर विद्युत वितरण विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। सूत्रों की मानें तो खम्भे में ठोकर लगने की वजह से विद्युत प्रभावित तार व इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका मरम्मत कार्य जारी है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति दोबारा बहाल की जाएगी।

### बिंझरा में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन के द्वारा स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल बिंझरा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर लखनपुर में युवा प्रकोष्ठ प्रमुख रमाकांत साहू, संयोजक विजेंद्र यादव के नेतृत्व में, महत्वपूर्ण विषय पर वर्कशॉप संपन्न किया गया। जिसमें जीवन लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं नशा मुक्ति पर डिवाइन वर्कशॉप कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र से की गई। इस मौके पर शिविर स्थल पर युवाओं को संबोधित करते हुए दिया छत्तीसगढ़ कन्हैया चौहान ने कहा कि जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करें और उसे लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निरंतर मेहनत और पुरुषार्थ करें अच्छा व्यक्तित्व, श्रेष्ठ संस्कार और राष्ट्र प्रेम संकल्प के साथ मार्ग में आगे बढ़ें। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ प्रमुख रमाकांत साहू ने बच्चों को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन एक सौभाग्य की तरह इसे सौभाग्य की तरह जिएं। व्यर्थ के चीजों से दूर रहें। नशा मनुष्य ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी बड़ा खतरा है।

## ग्रामीण अंचल से भी पहुंची मातृ शक्ति संगठन

# राम नाम लेखन महायज्ञ से उठी है हिंदू राष्ट्र की चिंगारी : माधवी लता



शोभायात्रा में शामिल महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिले में 3 अरब 33 करोड़ 33 लाख राम नाम लेखन महायज्ञ के अंतर्गत कौशल्या महाकुंभ का आयोजन

**खास बात**

- घंटाघर से दशहरा मैदान निहारिका तक निकली यात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत

राजेंद्र प्रसाद नगर दहशरा मैदान में किया गया था। इस अवसर पर घंटाघर चौक से दहशरा मैदान निहारिका तक निकली कौशल्या महाकुंभ यात्रा के अवसर पर आयोजित दुर्गा शक्ति सभा को संबोधित करते हुए दक्षिण भारत की प्रसिद्ध भाजपा नेत्री और अपोलो अस्पताल की संस्थापक माधवी लता ने कहा हैं कि "राम नाम लेखन महायज्ञ से जो चिंगारी कोरबा में शुरू हुई है वह भविष्य में हिंदू राष्ट्र के लिए निर्णायक साबित होगी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कोरबा जिले में तीन अरब 33 करोड़ 33 लाख राम नाम लेखन महायज्ञ के अंतर्गत कौशल्या महाकुंभ में माधवी लता पहुंची थी। कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से एकत्रित राम नाम लेखन पुस्तिकाओं को ओपन थिएटर से महिलाओं ने अपने सिर पर धारण किया और राजेंद्र नगर दशहरा मैदान पहुंची। यहां पर पुस्तिका पूजन के साथ लोगों ने श्री राम का गुणगान किया। मुख्य अतिथि के तौर पर माधवी लता ने भगवान श्री राम की महिमा का सुंदर ढंग से चित्रण किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम के प्रति छत्तीसगढ़ के लोगों में असीम श्रद्धा है। राम नाम लेखन महायज्ञ में लोगों की बहुत बड़ी भागीदारी और उनका समर्पण इसका उदाहरण है। उन्होंने अपने संबोधन के साथ संस्कृत के श्लोक से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के मंच पर स्वामी भजनानंद सेवा आश्रम केंदई की साध्वी गिरिजेश नंदिनी, राम जानकी मंदिर के महाराज, ब्रह्माकुमारी संस्था की रुक्मणी, गायत्री परिवार से अर्चना मिश्रा, सतनामी कल्याण समिति के संरक्षक श्रीमती रामबाई लहरे, रामनामी समाज के प्रतिनिधि, राम नाम लेखन महायज्ञ समिति के कोरबा जिला अध्यक्ष राम सिंह अग्रवाल सहित आरएसएस के पदाधिकारियों में डॉ विशाल उपाध्याय, किशोर बुटालिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे। हजारों की संख्या में नागरिक भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। बताया गया कि दशहरा मैदान में राम लेखन पुस्तिकाओं की परिक्रमा और पूजन अगले 12 जनवरी तक जारी रहेगी। इसके बाद विशेष यात्रा से यह पुस्तिकाएं अयोध्या भिजवाई जाएगी।

### सुभाष चौक में उद्योग मंत्री ने किया स्वागत

कौशल्या महाकुंभ यात्रा के निहारिका सुभाष चौक पहुंचने पर प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने यात्रा में सहभागिता करते हुए सनातन संस्कृति और राम काज के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। जिला कोरबा हिंदू सम्मेलन 2025 के अंतर्गत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें सनातन मूल्यों को सशक्त करने और सामाजिक एकता का प्रबल संदेश दिया गया। कार्यक्रम में हैदराबाद से विशेष रूप से पहुंचीं अपोलो हॉस्पिटल की अध्यक्ष श्रीमती कोम्पेला माधवी लता का कोरबा की पावन भूमि पर आत्मीय स्वागत एवं वंदन किया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडे, पार्षद नरेंद्र देवांगन, हीतानंद अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, दिनेश वैष्णव, श्रीमती अंजना सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, नवीन अरोरा, दीप नारायण सोनी सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहन उपस्थित रहे।



# प्रेमी के मानसिक प्रताड़ना से त्रस्त नाबालिग ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपने प्रेमी के द्वारा दिए जा रहे मानसिक प्रताड़ना से त्रस्त आकर आखिरकार एक नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी

कोरबी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाली में निवासरत एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की का गांव में ही रहने वाले 20 वर्षीय युवक दिलराज मरकाम के साथ प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। आरोपी दिलराज मरकाम लंबे समय से लड़की पर शक करता था और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था, जिसकी वजह से वह गहरे तनाव में रहती थी। सूत्रों की मानें तो आरोपी दिलराज मरकाम अक्सर लड़की के चरित्र पर संदेह जताता था और उसे धोखा देने के आरोप लगाकर झगड़ा करता था। परिजनों ने बताया कि 27 नवंबर को लड़की अपने भाई-बहन के साथ बाजार गई थी, इसके बाद वह घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी गई। दो दिन बाद गांव के पास जंगल क्षेत्र में उसका शव मिला, जिसकी पहचान परिजनों ने की। परिवार का आरोप है कि लापता होने के दौरान लड़की आरोपी से मिलने गई थी, जहाँ दोनों के बीच विवाद हुआ। लगातार मानसिक दबाव से वह टूट चुकी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी ने संबंध और प्रताड़ना की बात स्वीकार की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**खास बात**

- आरोपी प्रेमी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# कोयला हेराफेरी मामले में सुपरवाईजर सहित 3 और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


अडाणी पॉवर को ट्रांसपोर्ट किये जा रहे कोयला की खेप कहीं और भेजकर हेराफेरी करने के मामले में आरापियों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। इससे पहले दीपका पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच की गति तेज होने के साथ इस मामले में आरोपियों की संख्या और बढ़ सकती है।

**खास बात**

- अडानी पॉवर को ट्रांसपोर्ट किए जा रहे कोयले का मामला

पिछले दिनों दीपका क्षेत्र की पुलिस ने इस मामले को उजागर किया था। एसइसीएल की स्थानीय खदानों से अडाणी पॉवर की साइडिंग के लिए भेजे जाने वाले कोयला की काफी मात्रा जयराम नगर के बजाय दूसरे डिपो में चली गई। एक सिस्टम के तहत इस काम को किया गया। इसके जरिये अडाणी पॉवर को बड़ी चपत लगाई गई। प्रबंधन मामले की जांच पड़ताल की तो सच्चाई सामने आई। एक कर्मचारी की ओर से दीपका पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। इस आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और तीन ट्रेलर को जप्त करते हुए आगे की जांच की। इसके बाद तीन और ट्रेलर जप्त किये गए। प्रांरभिक तौर पर 355 टन कोयला चोरी की बात उजागर हुई। पूछताछ में मालूम चला कि आरोपियों द्वारा एक सिस्टम विकसित करते हुए कोयला की हेराफेरी की जा रही थी। इस काम में टेकनिकल और नॉन टेकनिकल दोनों तरह के लोग शामिल थे। वे शातिर तरीके से जीपीएस सिस्टम को रिमूव करने के साथ इस खेल को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने हालिया कार्रवाई में एक सुपरवाईजर, पेट्रोलिंग टीम के कर्मी और जीपीएस रिमूव करने वाले एक्सपर्ट को गिरफ्तार किया है। उनके विरूद्ध कोयला की हेराफेरी के साथ तकनीक से छेड़छाड़ करने सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस प्रकरण की शुरूआत होने के समय से आशकाएं जतायी जाती रही है कि यह खेल काफी लंबा हो सकता है और इसे परवान चढ़ाने में पूरा नेटवर्क काम कर रहा है।

# ग्राइंडर से शटर काटकर ऑटो पार्ट्स दुकान में चोरी



वह दुकान जहां चोरों ने वारदात को दिया अंजाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर स्थित आकांक्षा सेल्स कॉरपोरेशन में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। दुकान संचालक दीपक अग्रवाल रविवार की सुबह लगभग 10 बजे दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्होंने शटर का ताला टूटा और शटर हल्का खुला पाया। दुकान के अंदर काउंटर खुला था और सामान बिखरा पड़ा था। जिसके बाद संचालक ने तत्काल सीएसईबी चौकी पुलिस को मामले की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

आकांक्षा सेल्स कॉरपोरेशन के संचालक दीपक अग्रवाल ने बताया कि चोर दुकान के काउंटर से 80 हजार रुपये नकद, एक लैपटॉप, एक मोबाइल फोन और कुछ अन्य सामान ले गए हैं। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गए। दुकान में ऑटो पार्ट्स सहित लाखों रुपये का कीमती सामान रखा हुआ था, जिसमें से अन्य क्या-क्या चोरी हुआ है, इसका आकलन अभी किया जा रहा है। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने जानकारी दी कि दुकानदार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आगे की जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आसपास की कई दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब हैं, जिससे चोरों की पहचान करने में दिक्कत आ रही है। पुलिस ने दुकानदारों से अपने सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त रखने की अपील की है। स्थानीय लोगों ने इस क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। दुकानदारों ने पुलिस से चोरी पर अंकुश लगाने और जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। टीपी नगर क्षेत्र में कई छोटे-बड़े होटल देर रात तक खुले रहते हैं, जहां विभिन्न प्रकार के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। दुकानदारों ने ऐसे होटलों को निर्धारित समय पर बंद कराने की भी मांग की है, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाया जा सके।

### अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध पुलिस ने की कार्यवाही

कोरबा। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले तथा सार्वजनिक शांति भंग करने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध दिसंबर माह में एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत नव वर्ष 2026 के पूर्व जनसामान्य को शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करने तथा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न चौकियों व मुख्य मार्गों पर विशेष चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस दलों ने विशेष रूप से उन वाहनों पर कार्रवाई की, जिनमें अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाए गए थे। ऐसे वाहनों से न केवल अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण होता है, बल्कि सड़क सुरक्षा नियमों का भी स्पष्ट उल्लंघन होता है। दिसंबर महीने के दौरान कुल 19 वाहनों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की गई है। चालान कार्यवाही के साथ-साथ, संबंधित वाहनों के साइलेंसर जब्त भी किए गए हैं।

# ट्रेलर डिवाइडर से टकराकर पलटा सड़क पर बिखरा कोयला

**कोरबा।** कोरबा-कुसमुण्डा मार्ग में रविवार की शाम लगभग 6 बजे काटाघर के पास मेन रोड पर एक कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एएच 6611 डिवाइडर से टकराकर पलट गई। ट्रेलर के पलटने से ट्रेलर में लोड कोयला सड़क पर बिखर गया, इस वजह से कुछ देर के लिए सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। हालांकि दुर्घटना में चालक को मामूली चोट आयी है। ट्रेलर चालक बसंत लाल ने बताया कि ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया, जिसकी वजह से वाहन से नियंत्रण हट गया और ट्रेलर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। सूचना मिलने पर सर्वमंगला पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर बिखरे कोयले को हटाया और यातायात को किसी तरह बहाल किया।

## कांग्रेस के 140 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया 141वां स्थापना दिवस

# कांग्रेस ने हर स्थिति में सत्य अहिंसा और संघर्ष के मार्ग को चुना: जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा देश के लोगों की भलाई और प्रगति के लिए काम किया है। हम सविंधान में निहित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों में सुनिश्चित अवसर की समानता में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। कांग्रेस ने हर स्थिति में सत्य, अहिंसा और संघर्ष के मार्ग को चुना और हमेशा जनता के हित में काम किया।

उक्त बातें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के 140 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 141वां स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान कही। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुरक्षित स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से सुदृढ़ भारत के लिए पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने सिंचाई परियोजनाओं, बड़े बड़े कल कारखानों की नींव रखी। मूलभूत आवश्यक कार्य बिजली, पानी, सड़क, स्कूल कॉलेज, चिकित्सालय आदि के साथ आईआईएम, आईआईटी जैसे संस्थानों, बेहतरीन चिकित्सा संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान, संस्थान की स्थापना की। श्री नेहरू के बाद लाल बहादुर शास्त्री ने देश की सुरक्षा को लक्ष्य रखा। जय जवान, जय किसान का नारा देकर किसानों का हौसला बढ़ाया, जिससे किसानों ने अनाज की उपलब्धता बढ़ाई, इंदिरा गांधी ने हरित क्रांति, 20 सूत्री कार्यक्रम, अंतरिक्ष कार्यक्रम, परमाणु कार्यक्रम, बैंकों का राष्ट्रीयकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये। वहीं राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने के लिए सूचना प्रोद्योगिकी और कम्प्युटर क्रांति लाया, मतदान की उम्र 18 वर्ष किया। पंचायत, नगर निगम का गठन कर गांव, शहरों में ही फैसला लेने का अधिकार दिया। नरसिम्हा राव ने आर्थिक उदारीकरण को अपनाकर वैश्विक व्यापारिक जगत में भारत को मजबूत बनाया। मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सूचना के अधिकार, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी, भू अधिग्रहण कानून लाकर भारत के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने का काम हुआ। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि कांग्रेस ने सच्चाई और अहिंसा को अपना मार्ग निर्देशक सिद्धांत तय किया जिसका देश भर के लोगों ने समर्थन किया और उन्हें आजादी की लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रेरित किया आज भी देशवासियों के बीच राष्ट्रीय एवं एकता की भावना कायम है। कार्यक्रम में राकेश पंकज, बसंत चंद्रा, आरके वर्मा, अध्यक्ष गजानंद साहु, संतोष राठौर, नारायण कुर्रे, अनुज जायसवाल, डॉ.रामगोपाल कुर्रे, गीता गभेल, अविनाश बंजारे, रवि चंदेल, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, पुष्पा पात्रे, आनंद पालीवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780